बिहार सरकार
पथ निर्माण विभाग

संचिका संख्या– प्र०–10/प्राक0–02–62/2026 पटना, दिनांक -

अनौपचारिक रूप से परामर्शित

सेवा में,

महालेखाकार बिहार,

पटना।

द्वारा :- वित्त विभाग।

विषयः– बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, पटना द्वारा पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना मुख्यालय अन्तर्गत कार्यों की कुशलता पूर्वक संचालन हेतु उपयोग में लाए जाने वाले सामग्रियाँ यथा स्टेशनरी, कम्पयूटर, प्रिंटिंग डिवाईस और अन्य आई०टी० संबंधित आईटम, फर्नीचर और स्टोरेज, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रानिक्स आईटम तथा सर्विसेज और अन्य विविध आईटम हेतु 359.22 लाख (तीन करोड़ उनसठ लाख बाईस हजार) मात्र रूपये के अनुमानित व्यय की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।

आदेशः बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, पटना द्वारा पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना मुख्यालय अन्तर्गत कार्यों की कुशलता पूर्वक संचालन हेतु उपयोग में लाए जाने वाले सामग्रियाँ यथा स्टेशनरी, कम्पयूटर, प्रिंटिंग डिवाईस और अन्य आई०टी० संबंधित आईटम, फर्नीचर और स्टोरेज, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रानिक्स आईटम तथा सर्विसेज और अन्य विविध आईटम हेतु 359.22 लाख (तीन करोड़ उनसठ लाख बाईस हजार) मात्र रूपये के अनुमानित व्यय की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. विषयगत कार्यों का वित्त पोषण बजट व्यय शीर्ष "3054–सड़क तथा सेतु उप मुख्य शीर्ष– 03–राजकीय राजमार्ग, लघु शीर्ष–052–मशीनरी तथा उपस्कर, उप शीर्ष–0001–मशीने और उपकरण मत्तदेय" विपत्र कोड– 41–3054030520001 एवं बजट व्यय मुख्य शीर्ष –"3054 सड़क तथा सेतु उप मुख्य शीर्ष–80, सामान्य, लघु शीर्ष–001–निदेशन तथा प्रशासन, उप शीर्ष–0001–निदेशन" विपत्र कोड–41–3054800010001–विषय शीर्ष –0001–13–01 कार्यालय व्यय अन्तर्गत विकलनीय होगी।

3. विषयगत कार्यों का कार्यान्वयन बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, पटना द्वारा कराया जायेगा। अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी (मुख्यालय/लेखा), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना कार्य के निमित्त निकासी पदाधिकारी होंगे, जो राशि की निकासी सचिवालय कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, नेहरू पथ, पटना से करेंगे एवं बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, पटना को उपलब्ध करायेंगे।

प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, पटना द्वारा निर्दिष्ट वरीय परियोजना अभियंता कार्य के निमित्त व्ययन पदाधिकारी होंगे।

4. विषयगत कार्यों को पूरा करने के लिए निम्नलिखित लक्ष्य निर्धारित किया जाता है :–

वर्ष	बजट व्यय शीर्ष		वित्तीय लक्ष्य (लाख रू० में)	भौतिक लक्ष्य
	विपत्र कोड 41-3054030520001	विपत्र कोड 41-3054800010001		
2026–27	340.00	19.22	359.22	सभी कार्य पूर्ण करना।
कुल	**340.00**	**19.22**	**359.22**	

5. **मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, पटना एवं प्रबंध निदेशक बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड पटना विषयगत कार्यों की प्रगति की नियमित रूप से प्रतिमाह समीक्षा करेंगे।**

6. इसकी सूचना निदेशक (क्रय एवं परिवहन), पथ निर्माण विभाग, पटना/ मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, पटना / अवर सचिव(ले0/मु0), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना /प्रबंध निदेशक बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड पटना/ मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/वरीय परियोजना अभियंता, कार्य प्रमंडल पटना-1, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड को दे दी जाय।

7. प्रस्ताव पर विभागीय स्थायी वित्त समिति की सहमति प्राप्त है।

8. वित्त विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या 12888/वि0, दिनांक 03.12.2024 के आलोक में प्रस्ताव पर विभागीय सचिव की स्वीकृति संचिका के पृ0–31/टि0 पर दिनांक–02.11.2026 को प्राप्त है।

9. प्रारूप पर आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका के पृ0–30/टि0 पर दिनांक – 20.10.2026 को प्राप्त है।

ह0/-

(दीपेश कुमार)

संयुक्त सचिव(प्र0को0),

पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप सं० :- प्र०–10/प्राक0–02–62/2026 पटना, दिनांक -

प्रतिलिपि :- कोषागार पदाधिकारी, विश्वेश्वरैया भवन, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना को सूचनार्थ अग्रसारित।

ह0/-

(दीपेश कुमार)

संयुक्त सचिव(प्र0को0),

पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप सं० :- प्र०–10/प्राक0–02–62/2026 पटना, दिनांक -

प्रतिलिपि :-वित्त विभाग (आय-व्ययक शाखा), पटना/अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना /प्रमंडलीय आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना /जिला पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ अग्रसारित।

ह0/-

(दीपेश कुमार)

संयुक्त सचिव(प्र0को0),

पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप सं० :- प्र०–10 / प्राक0–02–62 / 2026 पटना, दिनांक -

प्रतिलिपि :- **प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, पटना/ मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, पटना / अवर सचिव(ले0/मु0), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / मुख्य अभियन्ता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, पटना / मुख्य अभियन्ता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, पटना/** वरीय परियोजना अभियंता, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, कार्य प्रमंडल, पटना-1 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित।

2. **प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, पटना/मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ** निर्माण विभाग विषयगत कार्य के उपरान्त प्राक्कलन का प्रावैधिक स्वीकृति अविलम्ब प्रदान करेंगे।

3 **प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, पटना इस कार्य की मासिक एवं भौतिक प्रगति** प्रतिवेदन नियमित रूप से अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को भेजना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/-

(दीपेश कुमार)
संयुक्त सचिव(प्र0को0),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप सं०:- प्र०–10 / प्राक0–02–62 / 2026 पटना, दिनांक :

प्रतिलिपि :-माननीय विभागीय मंत्री, बिहार, पटना के आप्त सचिव/ अपर सचिव, पथ निर्माण विभाग/ आं0 वि0 स0, **पथ निर्माण विभाग/संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग / मुख्य अभियंता (बजट एवं योजना), पथ निर्माण विभाग/ कार्यपालक अभियंता, योजना-1 एवं 2, पथ निर्माण विभाग / सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार,** पटना का प्रकोष्ठ / अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)/कार्य प्रबंधन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का प्रकोष्ठ/ **प्रशाखा पदाधिकारी, आय-व्ययक प्रशाखा-9/प्रशाखा-10 एवं 11, पथ निर्माण विभाग, पटना /मीशु मनीषा कुमारी,** पी0एम0यु0 लीड, पथ निर्माण विभाग, पटना को सूचनार्थ अग्रसारित। ह0/-

(दीपेश कुमार)
संयुक्त सचिव (प्र0 को0),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप सं०:- प्र०–10 / प्राक0–02–62 / 2026 7964(S) पटना, दिनांक : 04/11/26

प्रतिलिपि :-आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

04.11.2026

(दीपेश कुमार)
संयुक्त सचिव (प्र0 को0),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

04.11.26